**Roll. No. ........................**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

**Question Booklet Number**

# M.A. (SEM.-III) (NEP) (SUPPLE.)EXAMINATION, 2024-25

# HINDI

## ( Sahitya Evam Cinema )

## (Elective)

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 9 | 1 | 0 | T |

**Question Booklet Series**

**A**

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. साहित्य की कौन-सी विधा मुख्य रूप से किसी व्यक्ति विशेष के जीवन की घटनाओं का क्रमबद्ध, कलात्मक एवं तथ्यात्मक वर्णन प्रस्तुत करती है?

(A) कहानी

(B) संस्मरण

(C) जीवनी

(D) नाटक

2. साहित्य का प्राथमिक उद्देश्य आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार क्या माना जाता है?

(A) धन कमाना (अर्थ लाभ)

(B) केवल आत्म-प्रकाशन

(C) समाज का मनोरंजन करना

(D) हृदय की मुक्ति या लोक मंगल की साधना

3. फणीश्वरनाथ रेणु की कथा पर बनी फिल्म का नाम क्या है?

(A) नदिया के पार

(B) मारे गये गुलफाम/तीसरी कसम

(C) हम आपके हैं कौन

(D) देवदास

4. किस साहित्यिक विधा को 'गद्य की कसौटी' कहा जाता है?

(A) उपन्यास

(B) आत्मकथा

(C) निबन्ध

(D) कहानी

5. साहित्य की सबसे छोटी रचनात्मक इकाई कौन-सी है?

(A) वाक्य

(B) शब्द

(C) अनुच्छेद

(D) सीन

6. "तीसरी कसम" फिल्म किस वर्ष बनी?

(A) 1950

(B) 1966

(C) 1975

(D) 1980

7. शैलेन्द्र किस फिल्म के फिल्म निर्माता हैं?

(A) तीसरी कसम

(B) मारे गये गुलफाम

(C) नदिया के पार

(D) हम आपके हैं कौन

8. साहित्य में कई वाक्यों के समूह को क्या कहा जाता है?

(A) अनुच्छेद

(B) दृश्य

(C) कथानक

(D) गीत

9. सिनेमा की सबसे छोटी रचनात्मक इकाई क्या है?

(A) डायलॉग

(B) सीन

(C) शॉट

(D) कथानक

10. नाटक और सिनेमा में पाठक और दर्शक की भूमिका के बीच का मुख्य अंतर क्या है?

(A) पाठक केवल पढ़ता है, दर्शक दृश्य देखता और ध्वनि सुनता है

(B) पाठक दृश्य देखता है, दर्शन कल्पना करता है

(C) दोनों में कोई अंतर नहीं है

(D) दर्शक कहानी लिखता है, पाठक केवल पढ़ता है

11. प्रथम भारतीय फिल्म कौन-सी थी?

(A) आनंदी गंगा

(B) राजा हरिश्चन्द्र

(C) महाभारत

(D) आलमआरा

12. हिन्दी सिनेमा का प्रारंभिक युग किसे कहा जाता है?

(A) स्वतंत्रता पूर्व

(B) स्वराज फिल्मों से स्वतन्त्रता प्राप्ति तक

(C) भूमंडलीकरण के बाद

(D) आपातकाल के बाद

13. राजा हरिश्चंद्र का निर्देशक कौन था?

(A) दादासाहेब फाल्के

(B) सत्यजीत रे

(C) राज कपूर

(D) भीष्म साहनी

14. सिनेमा की अवधारणा के अनुसार, वह कौन-सा मौलिक तत्त्व है जो साहित्य से पूर्णतः भिन्न है और सिनेमा को 'गतिशील चित्रकला' बनाता है?

(A) कैमरा और संपादन

(B) संवाद

(C) पटकथा

(D) संगीत

15. आजादी के बाद (1948-1977) हिन्दी सिनेमा का मुख्य विषय था :

(A) सामाजिक और पारिवारिक समस्याएँ

(B) विज्ञान कथा

(C) केवल युद्ध

(D) हास्य और संगीत

16. "भारतीय चलचित्र का इतिहास" पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) हरीश कुमार

(B) नीरा जलक्षत्रि

(C) फिरोज रंगून वाला

(D) अनिल भार्गव

17. सैद्धांतिक रूप से, साहित्य और सिनेमा के माध्यमों में मुख्य अंतर क्या है?

(A) साहित्य केवल मनोरंजन करता है, जबकि सिनेमा शिक्षित करता है

(B) साहित्य में संगीत नहीं होता, जबकि सिनेमा में होता है

(C) साहित्य का माध्यम 'शब्द' है, जबकि सिनेमा का माध्यम 'दृश्य-श्रव्य' है

(D) सिनेमा अधिक पुराना माध्यम है

18. सिनेमा में 'पटकथा' (Screenplay) को साहित्य की किस विधा का सबसे निकटवर्ती माना जाता है?

(A) गीत

(B) नाटक

(C) उपन्यास

(D) संस्मरण

19. सिनेमा में शॉट्स के क्रमबद्ध संयोजन को क्या कहा जाता है?

(A) सीन

(B) पटकथा

(C) अनुच्छेद

(D) क्लाइमेक्स

20. यदि किसी फिल्म में संवाद, शॉट और सीन सही क्रम में नहीं हैं, तो इसका क्या प्रभाव होगा?

(A) कहानी का भावपूर्ण प्रवाह प्रभावित होगा

(B) संगीत और गीत बेहतर लगेंगे

(C) केवल दृश्य सुंदर दिखाई देंगे

(D) पात्रों का अभिनय स्वतः बढ़ जाएगा

21. "नदिया के पार" फिल्म किस प्रोडक्शन हाउस की है?

(A) यशराज प्रोडक्शन

(B) राजश्री प्रोडक्शन

(C) विग फिल्म्स

(D) सत्या फिल्म्स

22. कहानी की अगली कड़ी में फिल्म बनाने को क्या कहते हैं?

(A) प्रीक्वेल

(B) रिमेक

(C) सीक्वल

(D) एपिसोड

23. साहित्य में कथोपकथन का अर्थ है :

(A) केवल घटनाओं का वर्णन

(B) केवल गीतों का प्रयोग

(C) पात्रों के बीच संवाद

(D) पटकथा लेखन

24. स्वतंत्रता से पूर्व (1931-1947) हिन्दी सिनेमा में प्रमुख शैली थी :

(A) नाटक आधारित

(B) केवल संगीत

(C) केवल हास्य

(D) विज्ञान आधारित

25. "हम आपके हैं कौन" किसके निर्देशन में बनी थी?

(A) यश चोपड़ा

(B) सूरज बड़जात्या

(C) महेश भट्ट

(D) सोनी कपूर

26. 1931 में बनी प्रथम सवाक् (बोलती हुई) फिल्म कौन-सी थी?

(A) आलम आरा

(B) राजा हरिश्चन्द्र

(C) देवदास

(D) मदर इंडिया

27. साहित्य से सिनेमा में रूपांतरण (Adaptation) के दौरान निर्देशक के सामने सबसे बड़ी सैद्धान्तिक चुनौती क्या होती है?
(A) दर्शकों को आकर्षित करना
(B) शब्दों को दृश्यों में ढालना
(C) कलाकारों का चयन
(D) बजट का प्रबंधन

28. साहित्य में पाठक चरित्रों के आंतरिक संघर्षों और विचारों को किसके माध्यम से जानता है?
(A) शीर्षक से
(B) केवल संवादों से
(C) पाद-टिप्पणी से
(D) कथावाचक के वर्णन से

29. "तीसरी कसम" फिल्म का मुख्य विषय क्या है?
(A) प्रेम और सामाजिक दूरी
(B) पारिवारिक नाटक
(C) विज्ञान कथा
(D) हास्य

30. फणीश्वरनाथ रेणु की कथा का फिल्म रूपांतरण किस शैली में हुआ?
(A) हास्य
(B) सामाजिक/ग्रामीण जीवन
(C) ऐतिहासिक
(D) फंतासी

31. सिनेमा में 'उपन्यास' के आंतरिक एकालाप (Inner Monologue) को दिखाने के लिए सबसे अधिक किस तकनीक का उपयोग किया जाता है?
(A) वॉयस ओवर
(B) फ्लैशबैक
(C) तेज संपादन
(D) क्लोज शॉट्स

32. फिल्म की लिखित रूपरेखा किसे कहते हैं?
(A) स्टोरी बोर्ड
(B) पटकथा
(C) गीत
(D) संवाद

33. किसे "साहित्यिक नाटक" का दृश्यरूप कहा जाता है?
(A) उपन्यास
(B) कहानी
(C) सिनेमा
(D) निबंध

34. "नदिया के पार" फिल्म किस क्षेत्र की संस्कृति को दर्शाती है?
(A) पंजाब
(B) बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश
(C) महाराष्ट्र
(D) पश्चिम बंगाल

35. फिल्म में संवादों के माध्यम से भावों की अभिव्यक्ति को क्या कहते हैं?
(A) डबिंग
(B) पटकथा
(C) संवाद लेखन
(D) गीत-संगीत

36. आपातकाल (1975-1977) के समय हिन्दी सिनेमा पर क्या प्रभाव पड़ा?
(A) सेंसरशिप बढ़ी
(B) फिल्में बढ़ी
(C) केवल रंगीन फिल्में बनी
(D) कोई बदलाव नहीं

37. "हम आपके हैं कौन" फिल्म का मुख्य आकर्षण क्या था?

(A) पारिवारिक सम्बन्ध और संगीत

(B) युद्ध दृश्य

(C) ऐतिहासिक नाटक

(D) विज्ञान कथा

38. भूमंडलीकरण से वर्तमान तक हिन्दी सिनेमा का मुख्य परिवर्तन था :

(A) तकनीकी उन्नति और वैश्विक दर्शक

(B) केवल गीत संगीत

(C) केवल नाटकीय फिल्में

(D) कोई बदलाव नहीं

39. प्रथम भारतीय कीचर फिल्म कब बनी?

(A) 1900

(B) 1913

(C) 1920

(D) 1931

40. "तीसरी कसम" फिल्म का मुख्य कलाकार कौन था?

(A) राजकपूर

(B) सुनील दत्त

(C) धर्मेन्द्र

(D) अमिताभ बच्चन

41. साहित्य और सिनेमा में से कौन-सा माध्यम दर्शक या पाठक की अधिक सक्रिय कल्पना की अपेक्षा करता है?

(A) सिनेमा

(B) गीत

(C) साहित्य

(D) दोनों समान रूप से

42. उपन्यास के फिल्मी रूपांतरण में सबसे बड़ी विधागत चुनौती क्या होती है?

(A) संवादों का अभाव

(B) समय-सीमा और कथा का विस्तार

(C) चरित्रों के नाम

(D) पात्रों की संख्या

43. यदि किसी फिल्म में 1913 से 1977 तक के सिनेमा विकास को समाहित करना हो, तो प्रमुख अध्ययन कौन-सा होगा?

(A) तकनीक उन्नति, कथानक, सामाजिक संदेश और दर्शक प्रतिक्रिया

(B) केवल संगीत

(C) केवल हास्य दृश्य

(D) केवल रंगीन फिल्में

44. आजादी के बाद (1948-1977) के स्वर्ण युग में हिन्दी सिनेमा का कौन-सा पहलू सबसे प्रभावशाली रहा?

(A) सामजिक संदेश और पारिवारिक मूल्यों का प्रचार

(B) केवल युद्ध और विज्ञान कथा

(C) हास्य प्रधान फिल्में

(D) विदेशी फिल्म की नकल

45. साहित्यिक विधा 'नाटक' को सिनेमा के लिए अनुकूलन करना अन्य विधाओं की तुलना में आसान क्यों माना जाता है?

(A) इसमें संगीत होता है

(B) इसमें विस्तृत आंतरिक वर्णन होता है

(C) यह हमेशा एक ही सेट पर होता है

(D) यह पहले से ही दृश्यों और संवादों पर केंद्रित होता है

46. साहित्य में 'पाठक' का जो स्थान है, सिनेमा में उसका तुल्य कौन है?

(A) निर्देशक

(B) अभिनेता

(C) दर्शक

(D) लेखक

47. भूमंडलीकरण के दौर में हिन्दी सिनेमा ने वैश्विक दर्शकों के लिए कौन-सा बदलाव अपनाया?

(A) डिजिटल तकनीक, विशेष प्रभाव और अंतर्राष्ट्रीय थीम

(B) केवल पारंपरिक गीत-संगीत

(C) केवल मूक फिल्में

(D) केवल रंगीन फिल्में

48. फिल्म में दृश्य की कल्पना कर उसे चित्रों में रूपांतरित करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

(A) एडिटिंग

(B) डबिंग

(C) स्टोरीबोर्ड

(D) रीटेक

49. 'गीत' का साहित्य में जो स्थान है, सिनेमा में वही स्थान किसका है?

(A) गीत/सिनेमाई गीत

(B) क्लाइमेक्स

(C) सीन

(D) संवाद

50. सिनेमाई रूपांतरण को 'असम्भव कार्य' मानने का तर्क किस विचार पर आधारित है?

(A) सिनेमा की दृश्य-भाषा साहित्य की तुलना में निम्न होती है

(B) दर्शकों में साहित्यिक समझ का अभाव

(C) दोनों माध्यमों के कोड और अनुभव मौलिक रूप से अलग हैं

(D) साहित्य सामूहिक कला है, सिनेमा व्यक्तिगत कला है

51. ''हम आपके हैं कौन'' किस वर्ष रिलीज हुई थी?

(A) 1990

(B) 1994

(C) 1989

(D) 1992

52. राजा हरिश्चंद्र फिल्म का भाषा रूप था :

(A) हिन्दी

(B) मूक (साइलेंट)

(C) अंग्रेजी

(D) बंगाली

53. आलम आरा (1931) फिल्म की विशेषता क्या थी?

(A) यह पहली बोलती फिल्म थी

(B) यह पहली रंगीन फिल्म थी

(C) यह पहला हास्य नाटक था

(D) यह पहली युद्ध फिल्म थी

54. स्वतंत्रता से पूर्व के सिनेमा में प्रमुख प्रभाव कौन-सा था?

(A) भारतीय संस्कृति और सामाजिक जागरूकता

(B) केवल संगीत

(C) केवल हास्य

(D) विदेशी नाटकों का अनुवाद

55. “तीसरी कसम” फिल्म का गीतकार कौन था?

(A) शैलेन्द्र

(B) गुलजार

(C) आनंद बख्शी

(D) जयदेव

56. जब कोई निर्देशक किसी उपन्यास के कथानक (Plot) और पात्रों को बदलकर केवल उसके मुख्य विचार या थीम को अपनाकर फ़िल्म बनाता है, तो यह किस प्रकार का साहित्यिक अनुकूलन कहलाता है?

(A) व्याख्यात्मक अनुकूलन

(B) मुक्त अनुकूलन

(C) प्रतिलेखन

(D) सटीक रूपांतरण

57. “मारे गये गुलफाम” फिल्म की कहानी का मूल स्थान कहाँ है?

(A) गाँव

(B) शहर

(C) पहाड़

(D) जंगल

58. हिन्दी सिनेमा में ‘गीत’ को साहित्य की किस विधा से लिया गया है और इसका प्राथमिक कार्य क्या है?

(A) कविता/काव्य; कथा को आगे बढ़ाना या भावनात्मक गहराई जोड़ना

(B) उपन्यास; दर्शकों को आराम देना

(C) आत्मकथा; तथ्यात्मक जानकारी देना

(D) नाटक; अभिनय की शुरूआत करना

59. ‘जीवनी’ पर आधारित फिल्मों को क्या कहा जाता है?

(A) फैंटेसी फिल्म

(B) मॉक्यूमेंटरी

(C) बायोपिक

(D) फीचर फिल्म

60. फिल्म के निर्देशक की भूमिका किससे मिलती-जुलती है?

(A) कवि

(B) पाठक

(C) लेखक/नाटककार

(D) अभिनेता

61. कथा, पात्र और संवाद संयुक्त रूप से किसमें देखा जाता है?

(A) निबन्ध

(B) कविता

(C) नाटक

(D) उपन्यास

62. “नदिया के पार” फिल्म में किस प्रकार के पात्र प्रमुख हैं?

(A) ग्रामीण और पारिवारिक

(B) ऐतिहासिक शासक

(C) विदेशी पर्यटक

(D) विज्ञान के प्रयोगकर्ता

63. सिनेमा में कथा का आरंभ, मध्य और अंत को क्रम से प्रस्तुत करने का कार्य किसका है?

(A) एडिटर

(B) पटकथा लेखक

(C) अभिनेता

(D) निर्देशक

64. 1948-1977 के समय की फिल्मों को क्या कहा गया?

(A) स्वर्ण युग

(B) मूक युग

(C) आधुनिक युग

(D) आपातकालीन युग

65. ''हम आपके हैं कौन'' फिल्म ने कौन-सा रिकॉर्ड बनाया?

(A) सबसे अधिक हिट गीत

(B) सबसे लंबी अवधि तक चलने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म

(C) पहला रंगीन फिल्म

(D) पहली मूक फिल्म

66. आपातकाल के समय किस प्रकार की फिल्में बनीं?

(A) केवल सरकार समर्थित

(B) विज्ञान आधारित

(C) स्वतंत्र विषय

(D) केवल नाटकीय

67. भूमंडलीकरण से हिन्दी सिनेमा में तकनीकी बदलाव आया :

(A) रंगीन, विशेष प्रभाव और डिजिटल

(B) केवल मूक फिल्में

(C) केवल थिएटर प्रदर्शन

(D) कोई बदलाव नहीं

68. एक 'संस्मरण' को फ़िल्मी रूप देते समय निर्देशक को किस विधागत तथ्य पर अधिक ध्यान देना होता है?

(A) कल्पना पर आधारित कथानक का विस्तार

(B) भविष्य की कल्पनाएँ

(C) व्यक्तिगत सत्य का वस्तुनिष्ठ प्रस्तुतीकरण

(D) सख्त रूप से ऐतिहासिक तिथियों का पालन

69. सिनेमा में 'वॉयस ओवर' का प्रयोग साहित्यिक विधा के किस तत्त्व की तरह होता है?

(A) कथावाचक

(B) प्रतीक

(C) परिचय

(D) उपमा

70. साहित्य और सिनेमा के बीच सम्बन्ध को 'अंतर्विधागत सम्बन्ध' कहने का क्या कारण है?

(A) दोनों कला रूप एक-दूसरे की सामग्री और तकनीक का उपयोग करते हैं

(B) दोनों को भारत में ही बनाया गया था

(C) साहित्य कला है और सिनेमा विज्ञान है

(D) दोनों केवल शब्दों का उपयोग करते हैं

71. साहित्य में भावाभिव्यक्ति का माध्यम शब्द है, वहीं सिनेमा में मुख्य माध्यम है :

(A) संवाद

(B) दृश्य और ध्वनि

(C) गीता

(D) कथानक

72. ''तीसरी कसम'' और ''मारे गये गुलफाम'' में क्या सामान्य है?

(A) दोनों एक ही साहित्यकार की कृति

(B) दोनों हास्य फिल्में

(C) दोनों युद्ध विषयक

(D) दोनों ऐतिहासिक नाटक

73. फिल्म की आत्मा किसे कहा जाता है?

(A) सीन

(B) गीत

(C) पटकथा

(D) शॉट

74. कविता में लय और छंद के समान सिनेमा में क्या होता हैं?

(A) एडिटिंग का तालमेल

(B) कैमरे का कोण

(C) अभिनेता की एक्टिंग

(D) क्लाइमेक्स

75. हिन्दी सिनेमा का प्रारंभिक निर्माता कौन था?

(A) दादासाहेब फाल्के

(B) राजकपूर

(C) भीष्म साहनी

(D) सत्यजीत रे

76. ''साहित्य और सिनेमा का अंतर्सम्बन्ध'' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) फिरोज रंगून वाला

(B) नीरा जलक्षत्रि

(C) हरीश कुमार

(D) राही मासूम रज़ा

77. ''नदिया के पार'' और "हम आपके हैं कौन'' में क्या मुख्य अंतर है?

(A) एक ग्रामीण जीवन, एक शहरी पारिवारिक जीवन

(B) दोनों शहरी जीवन

(C) दोनों ग्रामीण जीवन

(D) दोनों विज्ञान कथा

78. आजादी के बाद कौन-सी फिल्म ने सामाजिक मुद्दों को उजागर किया?

(A) मदर इंडिया

(B) राजा हरिश्चंद्र

(C) आलम आरा

(D) देवदास

79. उपन्यास की वह कौन-सी विशेषता है जिसे सिनेमाई रूपांतरण में प्रायः छोड़ना पड़ता है या संक्षिप्त करना पड़ता है?

(A) चरित्रों के नाम

(B) प्रकृति का विस्तृत वर्णन

(C) कथानक का मुख्य विचार

(D) सूक्ष्म दर्शनिक चिंतन और आंतरिक मनोविश्लेषण

80. यदि ''तीसरी कसम'' और ''मारे गये गुलफाम'' के सामाजिक संदेश की तुलना करें, तो मुख्य अंतर क्या है?

(A) तीसरी कसम में प्रेम-व्यवधान, मारे गये गुलफाम में ग्रामीण जीवन और संघर्ष

(B) दोनों में प्रेम कहानी

(C) दोनों में प्रेम युद्ध कथा

(D) दोनों हास्य प्रधान

81. सिनेमा में प्रयुक्त साहित्यिक विधाओं के संदर्भ में, 'आत्मकथा' और 'संस्मरण' पर आधारित फ़िल्मों की एक मौलिक चुनौती क्या है?

(A) चरित्र का अति-आदर्शवादी या आत्म-केंद्रित दिखना

(B) फिल्मों का लंबा होना

(C) ऐतिहासिक तथ्यों का न होना

(D) पटकथा में संवादों का अभाव

82. साहित्यिक विधा 'उपन्यास' की किस विशिष्टता को सिनेमाई रूपांतरण में 'दृश्य समतुल्यता' स्थापित करने की दृष्टि से सबसे जटिल सैद्धान्तिक पक्ष माना जाता है?

(A) पात्रों का आंतरिक एकालाप और विचार

(B) काल-क्रम का गैर-रैखिक ढाँचा

(C) बहु-चरित्रों की उपस्थिति

(D) लम्बे वर्णनात्मक विवरण

83. ''नदिया के पार'' और ''तीसरी कसम'' में ग्रामीण जीवन के प्रस्तुतीकरण में कौन-सा अंतर है?

(A) नदिया के पार में सामाजिक और पारिवारिक दृष्टि, तीसरी कसम में प्रेम सम्बन्ध केंद्रित

(B) दोनों में समान

(C) तीसरी कसम में विज्ञान, नदिया के पार में हास्य

(D) दोनों ऐतिहासिक

84. साहित्य के रचनाकार को जिस प्रकार 'लेखक' कहा जाता है, वैसे ही सिनेमा के रचनाकार को क्या कहते हैं?

(A) अभिनेता

(B) निर्देशक

(C) संपादक

(D) गायक

85. सिनेमा और नाटक में मुख्य समानता क्या है?

(A) दोनों केवल पढ़े जाते हैं

(B) दोनों केवल सुने जाते हैं

(C) दोनों दृश्य-श्रव्य रूप में प्रस्तुत होते हैं

(D) दोनों का कोई कथानक नहीं होता

86. सिनेमा में शॉट, सीन और सीक्वेल के बीच जो क्रमबद्ध संरचना होती है, उसे सही रूप में समझाने के लिए किसका ज्ञान सबसे आवश्यक है?

(A) अभिनेता की भाव-भंगिमा

(B) पटकथा और कथा संरचना

(C) गीत-संगीत का तालमेल

(D) कैमरे का तकनीकी ज्ञान

87. ''हम आपके हैं कौन'' का पारिवारिक दृष्टिकोण ''नदिया के पार'' से कैसे भिन्न है?

(A) शहरी और आधुनिक जीवनशैली, संगीत प्रधान

(B) ग्रामीण जीवन

(C) ऐतिहासिक युद्ध

(D) विज्ञान कथा

88. ''तीसरी कसम'', ''मारे गये गुलफाम'' और "नदिया के पार'' की तुलना में ''हम आपके हैं कौन'' का वैश्विक आकर्षण किस कारण बढ़ा?

(A) पारिवारिक मूल्यों का सार्वभौमिक संदेश और संगीत

(B) ग्रामीण संघर्ष

(C) ऐतिहासिक युद्ध

(D) विज्ञान कथा

89. 1930-1947 के समय में सिनेमा का सबसे बड़ा लक्ष्य क्या था?

(A) सामाजिक जागरूता और राष्ट्रीय चेतना

(B) केवल मनोरंजन

(C) केवल हास्य

(D) विज्ञान कथा

90. ''साहित्य, सिनेमा और समाज'' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) पूरन चन्द्र टंडन और सुनील कुमार तिवारी

(B) हरीश कुमार

(C) फिरोज रंगून वाला

(D) मनोहर श्याम जोशी

91. यदि किसी शोधकर्ता को हिन्दी साहित्य पर आधारित फिल्मों के सामाजिक प्रभाव का अध्ययन करना हो, तो किस पहलू पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए?

(A) कथानक, पात्र, सामाजिक परिवेश और दर्शक प्रतिक्रिया

(B) केवल गीत

(C) केवल हास्य

(D) केवल रंगीन दृश्य

92. आपातकालीन दौर के बाद सिनेमा में क्या नया दृष्टिकोण आया?

(A) विरोधी विचार और यथार्थवाद

(B) केवल हास्य

(C) केवल गीत-संगीत

(D) कोई बदलाव नहीं

93. भूमंडलीकरण के बाद हिन्दी सिनेमा के दर्शक हैं :

(A) केवल भारत में

(B) वैश्विक स्तर पर

(C) केवल ग्रामीण भारत में

(D) केवल शहरी भारत में

94. यदि आप 1931-1947 के हिन्दी सिनेमा में स्वतंत्रता संग्राम के प्रभाव को मापना चाहें, तो सबसे महत्त्वपूर्ण विश्लेषण किस पर आधारित होगा?

(A) गीत और संगीत

(B) कथानक और पात्रों का राष्ट्रीय चेतना से सम्बन्धित होना

(C) केवल रंगीन फिल्में

(D) केवल हास्य दृश्य

95. साहित्य और सिनेमा के सैद्धान्तिक पक्ष में, 'माध्यम-विशिष्टता' का सिद्धान्त किस विचार का समर्थन करता है?

(A) साहित्यिक पाठ की शब्द-भाषा और सिनेमा की दृश्य-भाषा मौलिक रूप से असंगत और अतुलनी माध्यम हैं

(B) रूपांतरण केवल तभी सफल होता है जब साहित्यिक विधा नाटक हो

(C) सभी साहित्यिक विधाएँ समान चुनौतियाँ प्रस्तुत करती हैं

(D) सिनेमा का अंतिम लक्ष्य साहित्यिक पाठ का सटीक अनुवाद करना है

96. "सिनेमा और साहित्य" पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) संजीव श्रीवास्तव

(B) हरीश कुमार

(C) पूरन चन्द्र टंडन

(D) मनोहर श्याम जोशी

97. आत्मकथा और संस्मरण जैसी विधाओं को सिनेमा में रूपांतरित करते समय, नाटक या कहानी के रूपांतरण की तुलना में कौन-सा जोखिम अधिक होता है?

(A) कथावाचक की विश्वसनीयता बनाए रखने की समस्या

(B) संवादों की अत्यधिक नीरसता का खतरा

(C) ऐतिहासिक तथ्यों से भटकने की संभावना

(D) 'मै' की व्यक्तिपरक दृष्टि को वस्तुनिष्ठ दृश्य-भाषा में ढालने की चुनौती

98. सिनेमा में 'गीत' का प्रयोग कहानी या उपन्यास के तत्त्वों को रूपांतरित करते समय किस उद्देश्य की पूर्ति करता है?

(A) दृश्य अंतराल को भरना और मनोरंजन करना

(B) कथानक को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना

(C) पात्रों के पृष्ठभूमि विवरण को प्रस्तुत करना

(D) अमूर्त भावों और अदृश्य मनोदशाओं को संगीतात्मक लय से स्थापित करना

99. साहित्य और सिनेमा में भावनाओं का प्रत्यक्ष संप्रेषण किस माध्यम के जरिए होता है, और क्यों?

(A) केवल शब्द, क्योंकि पाठक कल्पना करता है

(B) दृश्य और ध्वनि, क्योंकि दर्शक को प्रत्यक्ष अनुभव होता है

(C) संवाद, क्योंकि वह कहानी को गति देता है

(D) निबंध, क्योंकि वह विचार प्रस्तुत करता है

100. यदि किसी फिल्म की कहानी में पात्रों का आंतरिक मनोविज्ञान दिखाना हो, तो किस रचनात्मक तत्व का सर्वोच्च महत्व होता है?

(A) पटकथा और संवाद

(B) संगीत और गीत

(C) शॉट्स की लंबाई

(D) स्टोरीबोर्ड का रंगीन चित्रण

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

8. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

9. There will be no negative marking.

10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

**प्रश्न :**

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

6. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

7. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**